# कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी-जोन पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी ।

## प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 23/04/2025

**विषयः- गैंगस्टर के वांछित 25 हजार का इनामिया अभियुक्त थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा *"ऑपरेशन चक्रव्यूह"* के तहत गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्युह के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थानाध्यक्ष जैतपुरा के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0001/2025 धारा 3(1) गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त (25000 का इनामिया) रामानन्द शर्मा उर्फ अंकित शर्मा पुत्र श्याम लाल शर्मा निवासी नूआंव (महमूगंज) थाना दुर्गावती जनपद कैमूर (भभुवा ) बिहार उम्र 28 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर दिनांक 23/04/2025 को समय 11.45 बजे नक्खी घाट टाटा कम्पनी के पास से गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का विवरण:** गैंगैस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23/04/2025 को समय 11.45 बजे नक्खी घाट टाटा कम्पनी के पास दबिश देकर पकड़ लिया गया। पकड़े गये अभियुक्त से नाम पता पूछने पर अपना नाम रामानन्द शर्मा उर्फ अंकित शर्मा पुत्र श्याम लाल शर्मा निवासी नूआंव (महमूगंज) थाना दुर्गावती जनपद कैमूर (भभुवा ) बिहार उम्र 28 वर्ष बताया। पकड़े गये अभियुक्त को अपराध का बोध कराते हुए हिरासत पुलिस में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**रामानन्द शर्मा उर्फ अंकित शर्मा** पुत्र श्याम लाल शर्मा निवासी नूआंव (महमूगंज) थाना दुर्गावती जनपद कैमूर (भभुवा ) बिहार उम्र 28 वर्ष (**पुरस्कार घोषित- रूपये 25000**)

**आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 151/2024 धारा 3/5A/5B/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 1955 थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
2.मु0अ0सं0 0001/2025 धारा 3(1) गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी

**गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. **उ0नि0 श्री बृजेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी**
2. हे0का0 कुलदीप सिंह, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
3. का0 विपिन मिश्रा, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
4. का0 नृपेन्द्र सिंह, थाना जैतपुरा, कमिश्नरेट वाराणसी
5. का0 प्रशान्त तिवारी, सर्विलांश सेल, कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी